लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **तारा चन्द मीणा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/35/2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 24.03.2021
G.C.M.S. NO. :-2021/138

श्री शान्तिलाल पिता जगनाथ जी छीपा बालाजी नमकीन, नाश्ता सुभाष चौक, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 20.04.2021

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 19.02.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 35/2021/(20.04)/288 दिनांक 24.03.2021 से लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 20.04.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 20.04.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:17:08 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
जिला कलक्टर
चित्तौड़गढ़

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूंचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्रांक/सू.अ.अधि./2021/512 दिनांक 31.03.2021 से कमेन्ट्स प्रस्तुत किए जो इस प्रकार है:–

यह सही है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत कार्यालय में सूचना हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। अपीलार्थी द्वारा नगर विकास न्यास से चाही गई सूचना इस कार्यालय से संबंधित नहीं होने से आवेदक को सूचित किया गया कि उनके द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय से संबंधित नहीं है। अपीलार्थी को दी गई सूचना की प्रति संलग्न है। इस पत्र की अपीलार्थी को सूचना प्राप्त होने का प्रमाण यह है कि अपीलार्थी ने प्रस्तुत अपील के साथ भी उक्त सूचना पत्र को संलग्न किया है। इस बिन्दु में अपीलार्थी द्वारा किसी प्रकार की सूचना नहीं देने का किया गया कथन असत्य है। अतः अपील आधारहीन होने से अस्वीकार योग्य है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/सू.अ.अधि./2021/512 दिनांक 31.03.2021 से प्रेषित कमेन्ट्स एवं उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया जिसके अनुसार लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपीलार्थी को अपने पत्रांक/नविन्याचि/सू.अ./2021/379 दिनांक 12.03.2021 से सूचित किया जा चुका है कि उसके द्वारा वांछित सूचना नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ से संबंधित है।

लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना के संबंध में सूचित तो किया गया है किन्तु यहां यह उल्लेखनीय है कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 19.02.2021 की सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ से संबंधित नहीं होकर नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ से संबंधित होने से लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास

Signature Not Verified
Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:17:08 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
जिला कलक्टर
चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 35/2021 (सू.अ.)
श्री शान्तिलाल छीपा निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़

न्यास, चित्तौड़गढ़ को अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन संबंधित लोक सूचना अधिकारी, आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6 (3) के तहत आवेदन प्रस्तुत होने की दिनांक से पांच दिवस के भीतर स्थानान्तरित करना चाहिए था जो कि उनके द्वारा नहीं किया गया है जो कि खेदजनक है अतः भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो।

अतः लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना चाहने हेतु प्रस्तुत आवेदन निर्णय दिनांक से 05 दिवस के भीतर संबंधित लोक सूचना अधिकारी को प्रेषित करें तथा लोक सूचना अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ नियत समयावधि में अपीलार्थी को निः शुल्क सूचना उपलब्ध करावें।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(तारा चन्द मीणा)
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./35/2021(सू.अ.)/372 दिनांकः— 20/05/2021

प्रतिलिपिः—
1. लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़
2. लोक सूचना अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़
3. श्री शान्तिलाल पिता जगनाथ जी छीपा, बालाजी नमकीन, नाश्ता, सुभाष चौक, नीम के नीचे, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:17:08 IST
Reason: SelfAttested